उत्तर प्रदेश शासन
चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1
संख्या-8/2015/3356/71-1-2014-ग-104/2003
लखनऊ : दिनांक 29 जनवरी 2015
कार्यालय-ज्ञाप

डा0 राकेश कुमार, चिकित्साधिकारी (एम0डी0 मेडिसिन) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, फाजिलनगर, जनपद कुशीनगर को सेवा स्थानान्तरण के आधार पर बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर के मेडिसिन विभाग में प्रवक्ता के पद पर शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-303/71-1-04-ग-104/2003, दिनॉक 12-10-2004 द्वारा 01 वर्ष अथवा लोक सेवा आयोग से चयनित अभ्यर्थी उपलब्ध होने तक, जो भी पहले घटित हो, तक के लिए, नियुक्त/तैनात किया गया था। डा0 राकेश कुमार को कार्यालय ज्ञाप संख्या-5017/71-1-09-जी-258/2009, दिनॉक 29-10-2009 द्वारा सहआचार्य के रूप में पदनामित किया गया था। मेडिकल कालेज, कन्नौज/गोरखपुर में चिकित्सा शिक्षकों की कमी के दृष्टिगत सेवा स्थानान्तरण अवधि समय-समय पर बढ़ायी जाती रही है अन्तिम बार डा0 राकेश कुमार की सेवा स्थानान्तरण अवधि कार्यालय ज्ञाप संख्या-1554/71-1-13-ग-104/2003, दिनॉक 17-10-2013 द्वारा 01 वर्ष तक के लिए बढ़ायी गयी थी, जिसकी अवधि दिनॉक 28-10-2014 तक थी।

2- महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-एम0ई0-2/2014 /3185, दिनॉक 28-11-2014 में की गयी संस्तुति पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल महोदय डा0 राकेश कुमार, सहआचार्य, मेडिसिन विभाग, मेडिकल कालेज, कन्नौज सम्बद्ध मेडिकल कालेज, गोरखपुर की सेवा स्थानान्तरण अवधि दिनॉक 28-10-2014 के पश्चात् 01 वर्ष अथवा नियमित चिकित्सा शिक्षक उपलब्ध होने, जो भी पहले घटित हो, तक के लिए बढ़ाये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

3- कार्यालय ज्ञाप संख्या-303/71-1-04-ग-104/2003, दिनॉक 12-10-2004 तथा कार्यालय ज्ञाप संख्या-5017/71-1-09-जी-258/2009, दिनॉक 29-10-2009 में उल्लिखित सेवा शर्ते यथावत् रहेंगी।

संजय कुमार उपाध्याय
संयुक्त सचिव।

संख्या:- 8/2015/3356(1)/71-1-2014- तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ।
3- महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
4- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, कन्नौज/गोरखपुर।
5- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, कन्नौज/गोरखपुर।
6- मुख्य चिकित्साधिकारी, कुशीनगर।
7- कोषाधिकारी, कन्नौज/गोरखपुर।
8- चिकित्सा अनुभाग-3
9- संबंधित चिकित्सा शिक्षक/गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(शैलेन्द्र नाथ शुक्ल)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

http://shasanadesh.up.nic.in